भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 565
गुरूवार, 07 दिसंबर, 2023/16 अग्रहायण, 1945 (शक)

बेरोजगार युवाओं की संख्या

565 श्री जावेद अली खानः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नवंबर, 2023 तक देश में 18 से 35 वर्ष की आयु के बीच के बेरोजगार युवाओं की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) सामान्य, ओबीसी, एससी और एसटी श्रेणियों के 18 से 35 वर्ष की आयु के बीच के बेरोजगार युवाओं की श्रेणी-वार और राज्य-वार संख्या कितनी-कितनी है; और

(ग) 1 जनवरी, 2023 से 1 दिसंबर, 2023 तक 18 से 35 वर्ष की आयु के बीच के कितने युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया है, राज्य-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इस सर्वेक्षण की अवधि, जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है। नवीनतम उपलब्ध पीएलएफएस रिपोर्ट जुलाई, 2022 से जून, 2023 की अवधि के लिए है।

नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, देश में सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों जिसमें 18-35 वर्ष का आयु समूह शामिल है, की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर), वर्ष 2022-23 के दौरान 3.2% थी।

वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) **अनुबंध-I** में दी गई है।

पीएलएफएस रिपोर्टों में 18-35 वर्ष आयु समूह की श्रेणी-वार सूचना उपलब्ध नहीं है।

वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों, जिसमें 18-35 वर्ष आयु समूह शामिल है, का अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) 56.0% था।

वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) **अनुबंध-II** में है।

****

अनुबंध-I

राज्य सभा के दिनांक 07.12.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 565 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार यूआर (% में)

क्र.सं.	**राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र**	**2022-23**
1	आंध्र प्रदेश	4.1
2	अरुणाचल प्रदेश	4.8
3	असम	1.7
4	बिहार	3.9
5	छत्तीसगढ	2.4
6	दिल्ली	1.9
7	गोवा	9.7
8	गुजरात	1.7
9	हरियाणा	6.1
10	हिमाचल प्रदेश	4.3
11	झारखंड	1.7
12	कर्नाटक	2.4
13	केरल	7.0
14	मध्य प्रदेश	1.6
15	महाराष्ट्र	3.1
16	मणिपुर	4.7
17	मेघालय	6.0
18	मिजोरम	2.2
19	नागालैंड	4.3
20	ओडिशा	3.9
21	पंजाब	6.1
22	राजस्थान	4.4
23	सिक्किम	2.2
24	तमिलनाडु	4.3
25	तेलंगाना	4.4
26	त्रिपुरा	1.4
27	उत्तराखंड	4.5
28	उत्तर प्रदेश	2.4
29	पश्चिम बंगाल	2.2
30	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	9.7
31	चंडीगढ़	4.0
32	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	2.5
33	जम्मू एवं कश्मीर	4.4
34	लद्दाख	6.1
35	लक्षद्वीप	11.1
36	पुडुचेरी	5.6
अखिल भारत		**3.2**

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

अनुबंध- II

राज्य सभा के दिनांक 07.12.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 565 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार डब्ल्यूपीआर (% में)

क्र.सं.	**राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र**	**2022-23**
1	आंध्र प्रदेश	58.6
2	अरुणाचल प्रदेश	64.9
3	असम	54.5
4	बिहार	47.0
5	छत्तीसगढ	70.1
6	दिल्ली	45.8
7	गोवा	45.1
8	गुजरात	61.5
9	हरियाणा	44.9
10	हिमाचल प्रदेश	73.8
11	झारखंड	60.9
12	कर्नाटक	55.6
13	केरल	50.5
14	मध्य प्रदेश	63.4
15	महाराष्ट्र	57.6
16	मणिपुर	48.7
17	मेघालय	65.8
18	मिजोरम	55.2
19	नागालैंड	69.4
20	ओडिशा	58.9
21	पंजाब	50.2
22	राजस्थान	58.8
23	सिक्किम	74.0
24	तमिलनाडु	54.7
25	तेलंगाना	57.7
26	त्रिपुरा	54.3
27	उत्तराखंड	53.5
28	उत्तर प्रदेश	53.9
29	पश्चिम बंगाल	56.1
30	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	60.0
31	चंडीगढ़	45.6
32	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	65.0
33	जम्मू एवं कश्मीर	60.7
34	लद्दाख	57.0
35	लक्षद्वीप	35.5
36	पुडुचेरी	49.6
अखिल भारत		**56.0**

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई